हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

04 स्वास्थ्य विभाग का कारनामा: आधे अधूरे भवन का ...




07 12 लाख 89 हजार उपभोक्ताओं को मई और...





## खबर संक्षेप

### जिले के 5 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण नहीं करने वाले जिले के 5 उर्वरक विक्रय केंद्रों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। इन उर्वरकों विक्रय केंद्रों द्वारा कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया गया था। जिन विक्रय केंद्रों पर कार्रवाई की गई है उनमें बुधनी के बकतरा स्थित बालाजी ट्रेडिंग कंपनी, सीहोर स्थित बालाजी ट्रेडिंग, बुधनी स्थित राज कृषि सेवा केंद्र, रेहटी स्थित वीरेंद्र कृषि सेवा केंद्र और भैरूंदा स्थित महेशवरी कृषि सेवा केंद्र शामिल हैं। इसके अलावा सभी उर्वरक विक्रेताओं को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही उर्वरक विक्रय करें।

### सीहोर में रोजगार मेला का आयोजन आज

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे सीहोर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। रोजगार में मेले में लगभग 11 कंपनियों द्वारा 1400 से अधिक पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार जिला व्यापार उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित कर नए प्रकरण तैयार किए जाएंगे।

## 12वीं में 98.60 प्रतिशत के साथ श्लोक प्रजापति प्रथम, हाईस्कूल-हायर सेकंडरी में जिले का रिजल्ट भी सुधरा

# लाल-लाड़लियों ने किया कमाल: श्लोक बने प्रदेश के साइंस टॉपर, मैरिट लिस्ट में जिले के 5 होनहार

### हाईस्कूल मैरिट सूची में सीहोर के होनहारों का दबदबा, 487-489 अंक लाकर 8 छात्रों ने बनाई जगह, गौरव मल्लिक 489 अंक के साथ जिले में अव्वल, खुशी पंवार-ब्रांडा परमार को मिले 488 अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2025-26 की हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही सीहोर जिले में खुशियों की लहर दौड़ गई। जिले के 5 होनहार विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तरीय मैरिट सूची में नाम दर्ज कराकर जिले का नाम रोशन किया। इसमें सबसे बड़ी उपलब्धि नूतन बाल विद्या मंदिर सीहोर के श्लोक प्रजापति ने हासिल की, जो 12वीं विज्ञान गणित संकाय में 98.60 प्रतिशत अंक लाकर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहे। हाई स्कूल की जिला मैरिट सूची में 8 विद्यार्थियों ने 487 से 489 अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। सत्यमेव जयते नेशनल पब्लिक स्कूल कजलास के गौरव मल्लिक ने 489 अंक लाकर जिला टॉपर्स में जगह बनाई है। गौरव मल्लिक 489 अंक के साथ जिले में अव्वल, खुशी पंवार-ब्रांडा परमार ने 488 अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में जगह बनाई।

### मजदूर के बेटे ने रचा इतिहास

श्लोक प्रजापति की सफलता इसलिए भी खास है क्योंकि उनके पिता विनोद प्रजापति मजदूरी करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। मां कविता प्रजापति ने बेटे का हौसला बढ़ाया। तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर के श्लोक ने बताया कि नियमित पढ़ाई और कभी हार न मानने की सोच ने उन्हें यहां तक पहुंचाया। श्लोक का सपना अब आईएएस अधिकारी बनकर समाज की सेवा करना है।



### प्रदेश की सूची में पांच होनहार छात्र-छात्राओं ने स्थान बनाकर जिले का बढ़ाया मान

| नाम | कक्षा | संकाय | विद्यालय | अंक | प्रतिशत | प्रदेश में रैंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्लोक प्रजापति | 12वीं | गणित | नूतन बाल विद्या मंदिर, सीहोर | 493/500 | 98.60% | प्रथम |
| प्रिंसी विश्वकर्मा | 12वीं | जीव विज्ञान | शास. सांदीपनी बालक उमावि,आष्टा | 487/500 | 97.40% | पाँचवाँ |
| श्रुति मेवाड़ा | 12वीं | वाणिज्य | स्वामी विवेकानंद आदर्श उमावि, बिलकिसगंज | 482/500 | 96.40% | नवमाँ |
| हर्षिता जैन | 12वीं | कला | शासकीय उमावि, सिद्धीकगंज | 481/500 | 96.20% | नवमाँ |
| भव्य कुशवाह | 10वीं | | संस्कार एकेडमी, इटावा | 490/500 | 98.00% | दसवां |



कक्षा दसवीं में भव्य कुशवाह ने 98 प्रति. अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया।

### जिले की हाई स्कूल की टॉप सूची में इन छात्रों ने लहराया परचम

| नाम पिता का नाम | विद्यालय | अंक |
|---|---|---|
| गौरव मल्लिक सागर मल्लिक | सत्यमेव जयते नेशनल पब्लिक स्कूल, कजलास | 489 |
| खुशी पंवार श्याम सिंह पंवार | ब्रिगेडियर त्रिवेदी मेमोरियल एजुकेशन सोसायटी हासे | 488 |
| ब्रांडा परमार दिनेश परमार | स्वामी विवेकानंद स्कूल, सीहोर | 488 |
| दिव्यांशी वर्मा ज्ञानसिंह वर्म | मार्टिनेट कॉन्वेंट हाई स्कूल, आष्टा | 488 |
| सानिया मंसूरी मुजफ्फर मंसूरी | नालंदा हाई स्कूल, खैदीपुरा (इच्छावर) | 487 |
| ऋषिका प्रजापति चांदसिंह प्रजापति | अमलाहा पब्लिक स्कूल, सीहोर | 487 |
| मोहिनी लोधी नरेश लोधी | रेड रोज कॉन्वेंट हासे, अहमदपुर | 487 |
| देवेंद्र पुष्पद लखन लाल पुष्पद | श्री गांधी कबीर हाई स्कूल, चांदबड़ | 487 |

### जिले का ओवरऑल रिजल्ट

हाईस्कूल: 84.90% रिजल्ट के साथ प्रदेश में 8वां स्थान

हायर सेकेंडरी: 86.47% रिजल्ट के साथ प्रदेश में 11वाँ स्थान

कुल परीक्षा केंद्र: 103

### तीन साल में कैसे सुधरा रिजल्ट

| वर्ष | 10वीं का रिजल्ट | 12वीं का रिजल्ट |
|---|---|---|
| 2024 | 68.32% | 72.70% |
| 2025 | 85.54% | - |
| 2026 | 84.90% | 86.47% |

### कलेक्टर-डीईओ ने दी बधाई

कलेक्टर बालागुरु के. तथा जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर ने सभी उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

### गांव की बेटी हर्षिता ने किया कमाल: 12वीं में प्रदेश में 9वां, जिले में प्रथम स्थान



**सिद्धिगंज:** पीएम श्री हाई सेकेंडरी स्कूल सिद्धिगंज की छात्रा हर्षिता जैन ने 12वीं बोर्ड में 96.2% अंक (481/500) लाकर प्रदेश में 9वां और जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। ग्राम जसमत से रोज 4 किमी पैदल-बस से स्कूल पहुंचने वाली हर्षिता के पिता कृषि मजदूर हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद रोज 6 घंटे पढ़ाई कर हर्षिता ने यह मुकाम हासिल किया। सफलता पर स्कूल में सम्मान समारोह हुआ, जहां हर्षिता और उनके पिता सुरेंद्र जैन को साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। संकुल प्राचार्य गौरीशंकर वर्मा सहित शिक्षक, पत्रकार और ग्रामवासी मौजूद रहे।

# 12वीं जिला मैरिट में द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट का जलवा स्वाति मेवाड़ा 481 अंक के साथ जिले में अव्वल

### जिले के 13 होनहार मैरिट में ऑक्सफोर्ड की छात्रा ने मारी बाजी, आष्टा-बिलकिसगंज के छात्र भी चमके

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी हासे मुख्य परीक्षा 2026 की जिला मेरिट लिस्ट में द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट हाई स्कूल, सीहोर का नाम सबसे ऊपर रहा। स्कूल की होनहार छात्रा स्वाति मेवाड़ा ने 481 अंक हासिल कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### ऑक्सफोर्ड की बेटी बनी जिला टॉपर

गजराजसिंह मेवाड़ा की बेटी स्वाति ने 475 अंक लाकर न सिर्फ अपने माता-पिता बल्कि द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल का नाम भी रोशन किया। स्वाति के साथ शासकीय संदीपनी बॉयज हासे आष्टा के पुरुषोत्तम सेन और शासकीय गर्ल्स हाई स्कूल बकतरा की काजल शर्मा ने भी 481-481 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से पहला स्थान पाया।

### जिले के हायर सेकंडरी की टॉप सूची में इन छात्रों ने बनाया स्थान

| रैंक | नाम | विद्यालय | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वाति मेवाड़ा | द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट हासे स्कूल, सीहोर | 475 |
| 1 | पुरुषोत्तम सेन | शासकीय संदीपनी बॉयज हासे, आष्टा | 481 |
| 1 | काजल शर्मा | शासकीय गर्ल्स हाई स्कूल, बकतरा | 481 |
| 2 | रानू मेवाड़ा | नूतन बाल विद्या मंदिर हासे, इंग्लिशपुरा | 480 |
| 2 | वैभवी मंत्री | आरजीएम कॉन्वेंट हासे, चांदबड़ | 480 |
| 2 | आरुषि बुधवंत | शासकीय संदीपनी हाई स्कूल, बिलकिसगंज | 480 |



स्वाति मेवाड़ा

**स्कूल प्रबंधन में जश्न:** परिणाम घोषित होते ही द ऑक्सफोर्ड कॉन्वेंट स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने स्वाति की इस उपलब्धि पर बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि स्वाति नियमित पढ़ाई और अनुशासन की मिसाल है। उसकी सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।

**मेरिट में शामिल अन्य होनहार:** तीसरे स्थान पर 476-476 अंक के साथ आयुष जाटव (संस्कृति वीएमएचएस आष्टा), सलोनी डांगी (मार्टिनेट कॉन्वेंट आष्टा), बृजेश प्रसाद (गायत्री वीएमएचएस चरनाल) और पद्मा परमार (शासकीय मॉडल हासे आष्टा) रहे। इसके अलावा शिवरंजनी चौहान ने 475, सत्या मेव सेन ने 475 और रामलखन सोंधिया ने 474 अंक हासिल किए।

**आष्टा का रहा दबदबा:** इस बार मेरिट लिस्ट में आष्टा क्षेत्र के स्कूलों का दबदबा रहा। अकेले आष्टा से 5 छात्र मेरिट में आए। बिलकिसगंज से भी 3 छात्राओं ने जगह बनाई।

## गुणवत्ता व समयसीमा पर विशेष जोर

# 26 करोड़ की सीवरेज परियोजना का नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के समग्र विकास एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर पालिका द्वारा संचालित सीवरेज परियोजनाओं का बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा बढ़िया खेड़ी एवं मंडी क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं सुरक्षा पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नगर में 26 करोड़ की लागत से सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु कार्य किया जा रहा है, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से संचालित है। मंडी क्षेत्र में लगभग 15 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन डाली जा रही है, जिसके अंतर्गत करीब 28 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही एक आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे गंदे पानी का वैज्ञानिक तरीके से शोधन कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।



इसी प्रकार बढ़यिा खेड़ी, इंदिरा नगर एवं इंदौर नाका क्षेत्र में लगभग 11 करोड़ की लागत से सीवरेज लाइन डाली जा रही है। इस अंतर्गत करीब 30 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे इन क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही जलभराव एवं गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। यह परियोजना पूर्ण होने के पश्चात हजारों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राठौर ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में उपयोग हो रही सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा प्रत्येक चरण पर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही, कार्य को तय समयसीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाओं का लाभ मिल सके। परियोजना के तहत कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों के पालन, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा स्थानीय नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इस पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह एवं इंजीनियर साथी के साथ नगर पालिका के उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, पार्षद प्रदीप गौतम, कमलेश राठौर, मांगीलाल मालवीय, लोकेंद्र वर्मा, राहुल राय, दिलीप राठौर आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप




### पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर महिलाओं को पोषण का वितरण किया गया और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग, कराटे, जूडो एवं बेसिक सुरक्षा तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

### किसानों की स्लॉट बुकिंग की अवधि अब 24 तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग की अवधि 21 अप्रैल थी, इसे अब 24 अप्रैल कर दिया गया है। 21 अप्रैल को अवकाश होने के कारण इस तिथि को 24 अप्रैल किया गया है।

### 115 गांव के लोगों को लोकार्पण के बाद नहीं मिल रहा आरोग्य आयुष केंद्र का लाभ

# स्वास्थ्य विभाग का कारनामाः आधे अधूरे भवन का करवा दिया लोकार्पण!

### मरदानपुर स्थित नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में अभी पूरा नहीं हुआ काम, बिना हैंडओव्हर लिए हुआ लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

स्वास्थ्य विभाग अपनी वाहवाही कराने और आंकड़ेबाजी के खेल में ऐसी महारत हासिल कर चुका है कि अब वह नए-नए कारनामों को भी अंजाम दे रहा है। ऐसा ही एक नया कारनामा रेहटी तहसील के ग्राम मरदानपुर का सामने आया है। यहां पर विभाग के जिम्मेदारों ने आधा-अधूरा भवन, जो अब तक विभाग को हैंडओव्हर भी नहीं हुआ है उसका ही लोकार्पण करवा दिया। पिछले दिनों इस भवन का लोकार्पण किया है। हालांकि लोकार्पण के बाद से यह अब तक खुला भी नहीं है। ऐसे में ग्राम मरदानपुर सहित आसपास के करीब 15 गांवों के रहवासियों के साथ छलावा किया जा रहा है।

#### लाखों की लागत से बना है भवन

ग्राम मरदानपुर में यूं तो पहले से ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन यहां पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन भी करीब 98 लाख रूपए की लागत से बनाया गया है। बताया जा रहा है कि इस भवन का निर्माण कार्य भी बेहद घटिया तरीके से हुआ है। निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है।

भवन भी अब तक हैंडओव्हर नहीं हुआ है, लेकिन उससे पहले ही इसका लोकार्पण भी विवादों में घिर गया है। विभाग के जिम्मेदारों ने अपनी वाहवाही कराने लोकार्पण करवा दिया, जबकि अब तक यहां पर कई काम अधूरे हैं। फर्नीचर भी तैयार नहीं है। स्टॉफ की भी उपलब्धता नहीं है। विभाग ने अपनी वाहवाही कराने के लिए इसका आनन-फानन में लोकार्पण भी करवा दिया। नियमानुसार एनओसी एवं हैंडओव्हर लिए इसका लोकार्पण नहीं होना चाहिए था, लेकिन विभाग ने ऐसा ही करवा दिया।






इस मामले में बुधनी विकासखंड के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. बड़ोदिया का कहना है कि अभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मरदानपुर में फर्नीचर का काम नहीं हुआ है। जल्द ही इसे करवाकर शुरू कराया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर मरदानपुर की प्रभारी डॉ. कंचन का कहना है कि भवन अभी हैंडओव्हर नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत मरदानपुर के सरपंच जीतू मालवीय का कहना है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भवन बना है। मरदानपुर में करीब 15 गांवों के लोग इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में इसे जल्द शुरू कराना चाहिए।

## विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में अटल पार्क में लगाए 120 पौधे

### पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति पौधरोपण करेः विधायक सुदेश राय



**सीहोर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को जीवन में एक-एक पौधे का रोपण जरूर करना चाहिए। धरती को स्वस्थ रखने के लिए पौधों का महत्वपूर्ण भूमिका है। पृथ्वी के संरक्षण के लिए सबसे जरूरी पौधारोपण है। जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। उक्त विचार शहर के वार्ड क्रमांक 1 में विधायक सुदेश राय ने करीब 120 पौधे अटल पार्क और आस-पास क्षेत्रवासियों से लगवाते हुए कहे। इस मौके पर उन्होंने पार्षद प्रतिनिधि राहुल राय के विशेष प्रयास की सराहना करते हुए कहाकि इन पौधों के लिए जो पानी आदि का इंतजाम किया गया है। उससे इन पौधों का संरक्षण भी हो जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अरुणा राय ने सभी क्षेत्रवासियों से अपने वार्ड में जिम्मेदारी के साथ पौधारोपण के अलावा साफ-सफाई और स्वच्छता रखने का आह्वान किया। शहर में वार्ड क्रमांक 01 आदर्श वार्ड है। यहां पर शहर की जीवनदायनी सीवन नदी का तट आदि बड़ी संख्या में प्राचीन मंदिर है। उन्होंने कहाकि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। हमें पौधे के पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है। वहीं एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है। कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है।

## "स्वयं सुरक्षित-समाज सुरक्षित": बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ा, चौथी बार लगा आत्मरक्षा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



नगर में बेटियों की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर एक बार फिर प्रेरणादायक पहल सामने आई है। "स्वयं सुरक्षित–समाज सुरक्षित" थीम के तहत आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर ने न केवल बालिकाओं को सुरक्षा के गुर सिखाए, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और साहस का भी संचार किया। यह शिविर लगातार चौथी बार आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छोटी बच्चियों और किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शुभम स्कूल परिसर में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन, ऊर्जा और जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। समाजसेविका राधिका जैमिनी की अगुवाई में आयोजित यह पहल अब नगर में एक सशक्त सामाजिक अभियान का रूप लेती जा रही है।

बदलते सामाजिक परिवेश में बेटियों की सुरक्षा को गंभीर विषय बताते हुए राधिका जैमिनी ने कहा कि केवल किताबों की शिक्षा पर्याप्त नहीं है, बल्कि आत्मरक्षा का व्यावहारिक ज्ञान भी उतना ही जरूरी है। उनका मानना है कि ऐसी ट्रेनिंग से बालिकाएं न केवल खुद को सुरक्षित रख पाती हैं, बल्कि किसी भी चुनौती का सामना आत्मविश्वास से कर सकती हैं।

शिविर में प्रशिक्षक पंकज वर्मा (फर्स्ट डिग्री ब्लैक बेल्ट) और पवन मालवीय ने बालिकाओं को दंड प्रशिक्षण सहित विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास कराया। डेमो के माध्यम से शरीर के मजबूत हिस्सों के उपयोग और संकट की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने के तरीके सिखाए गए। साथ ही नाजुक अंगों की पहचान कर बचाव के प्रभावी उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम के दौरान "गुड टच और बैड टच" जैसे संवेदनशील विषय पर भी सरल भाषा में जागरूकता दी गई। बच्चियों को अनजान व्यक्तियों से सतर्क रहने, सुनसान स्थानों से बचने और परिवार के संपर्क में बने रहने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इस अवसर पर उमा खंडेलवाल, उमा शर्मा, विनीता खंडेलवाल, अलका चौहान, रचना जाट, गौरी जादौन, शक्ति शर्मा और सरिता अग्रवाल सहित कई मातृशक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सफलता में पूजा बैरागी, जेमिनी और विजेंद्र शर्मा का विशेष योगदान रहा। यह शिविर अब एक आयोजन भर नहीं, बल्कि बेटियों को निर्भीक और सशक्त बनाने की दिशा में मजबूत सामाजिक संदेश बनकर उभर रहा है।

### 19 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ किया जाएगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

**सीहोर।** शहर के भव्य और दिव्य न्यू बस स्टैंड स्थित बालाजी सरकार श्री हनुमान मंदिर में आगामी दिनों में होने वाले सात दिवसीय श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ और प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूआत आगामी 19 अप्रैल को आस्था और उत्साह के साथ आयोजित की जाएगी। लगातार सात दिनों तक आयोजित होने वाले महायज्ञ के साथ मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एक दर्जन से अधिक कथा वाचक, संत और महंतों के साथ कथा व्यास राष्ट्रीय राम कथा व्यास मानस कोकिला महंत डॉ. प्रज्ञा भारती वृन्दावन के द्वारा श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा। राम कथा दोपहर तीन बजे से जयंती कालोनी में निर्मित की गई महायज्ञ शाला के पास पंडाल में की जाएगी। इसके अलावा रात्रि नौ बजे से बारह बजे तक महाकाल मंडल रामलीला उज्जैन के द्वारा भगवान की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

## किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों पर बढाई गई प्रतिदिन की खरीदी लिमिट

### पहले थी 1000 क्विंटल प्रतिदिन, अब हुई 1500 क्विंटल प्रतिदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जो 05 मई 2026 तक चलेगा। जिले में गेहूं उपार्जन के लिए 240 उपार्जन केन्द्र स्थापित किये गए है।

जिला उपार्जन प्रभारी आकाश चंदेल ने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों पर गेंहू खरीदी की प्रतिदिन की लिमिट 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल कर दी गई है, यानि पहले जहां एक दिन में एक उपार्जन केंद्र पर अधिकतम 1000 क्विंटल गेंहू की खरीदी हो रही थी, अब बढ़कर 1500 क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है। इस निर्णय से किसानों को राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार किसानों से गेहूं उपार्जन कार्य सप्ताह में 05 दिवस (सोमवार से शुकवार) प्रातः 8:00 बजे से शाम 8:00 बजे तक किया जा रहा है। कृषक तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जाती है।

**उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन के लिए अधिकारी कर रहे भ्रमण :** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले के सभी उपार्जन केंद्रो पर उपार्जन कार्य के सुचारू संचालन के लिए अधिकारी निरंतर भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में अधिकारियो ने मंडी स्थित रूपा वेयरहाउस, मां रेवा वेयरहाउस, हरिहरानंद वेयर हाउस और गोंडीगुराड़िया स्थित चौहान वेयरहाउस सहित अनेक उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण किया और उपार्जन कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

### भीषण गर्मी के चलते स्कूल समय बदलने की मांग



**सीहोर।** जिले में बढ़ती भीषण गर्मी और तापमान में लगातार वृद्धि को देखते हुए शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन समय में बदलाव की मांग उठने लगी है। इस संबंध में प्रांतीय शिक्षक संघ, जिला सीहोर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुका है। वर्तमान में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है।मौसम विभाग ने तापमान वृद्धि एवं लू चलने की आशंका जताई है।जिससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। संघ ने मांग की है कि विद्यालयों का संचालन समय प्रातः 7:30 बजे से किया जाए, ताकि तेज गर्मी से बचाव हो सके। इससे विद्यार्थियों की उपस्थिति में भी सुधार होगा और अभिभावकों के साथ समन्वय बनाने में सुविधा मिलेगी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के कई जिलों में पहले ही स्कूलों का समय प्रातःकालीन किया जा चुका है। अतः सीहोर जिले में भी विद्यार्थियों के हित में शीघ्र निर्णय लिया जाए।प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर ने प्रशासन से जल्द से जल्द सकारात्क निर्णय लेने की अपील की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, नरेश गुर्जर, चंदर वर्मा, यशपाल राठौर,कमल वर्मा, माधव यादव,राघवेंद्र मालवीय, लक्ष्मण बैरागी,आत्माराम बामनिया, जगदीश प्रसाद दुबे ,विनोद गुप्ता, बलराम मालवीय,राजेंद्र परमार, आशीष शर्मा, ओमप्रकाश मालवीय, हेमंत मालवीय,अर्जुन सिंह,बी पी वर्मा,आदि शिक्षक मौजूद थे।

## समेरिटन्स बायां का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



**सीहोर।** समेरिटंस ग्रुप के बायां विद्यालय में कक्षा 10 वीं में 14 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें 5 बालिकाएं और 9 बालक शामिल थे। विद्यालय के छात्र तनिष्क नगर ने सर्वाधिक 97 प्रतिशत अंक अर्जित किए। विद्यालय के 14 में से 9 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे।

विद्यालय के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा और प्राचार्य श्रीमती अपर्णा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। परिणाम आने के बाद विद्यालय पहुंचे बच्चों ने जमकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान विद्यालय में अन्य शाखाओं के प्राचार्य श्रीमती निधि दुबे, जागृति सिंह, कल्पना शर्मा, पिंकी झा, परीक्षा नियंत्रक आरके रघुवंशी, आरके सिंह, भाग्यश्री दुबे, वैशाली तिवारी आदि उपस्थित थे।

### 17 अप्रैल को किया जाएगा नौ दिवसीय श्रीराम कथा का विश्राम

# मंथरा ने कैकेयी के कान भर कर राम को दिलाया वनवासः महंत उद्धवदास महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान राम जी के साथ-साथ उनके सभी भाइयों का विवाह भी जनकपुर में संपन्न हुआ। महाराज दशरथ, रानियां तथा तमाम अयोध्यावासी प्रसन्न हैं। एक दिन राजा के मन में अपनी बढ़ती अवस्था को देखकर विचार आया कि अब राज्य का कार्यभार रामचंद्र को सौंप देना चाहिए। राम जन-जन के प्रिय थे, इसलिए सभी दरबारियों ने इसका समर्थन किया, लेकिन जन कल्याण के लिए भगवान श्रीराम का वनवास जाना तय था, इसलिए मंथरा ने कैकेयी के कान भर श्रीराम को वनवास दिलाया। उक्त विचार शहर के कंचन विहार, विश्वनाथपुरी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा में महंत उद्ववदास महाराज ने कहे। उन्होंने कहाकि सत्संग करो लेकिन कुसंग का सेवन नहीं करना चाहिए तभी सत्संग का असर होगा, हमारे आस-पास के लोग ही हमारे भविष्य का निर्माण करते है, इसलिए जहां पर भी भगवान की चर्चा हो रही हो, भलाई का कार्य हो रहा है, वहां पर सौ कार्य छोड़कर शामिल हो जाना चाहिए। नगर में इस बात का एलान हुआ कि कल रामचंद्र का राजतिलक किया जाएगा। यह सूचना रानी कैकेयी की विशेष दासी मंथरा ने भी सुनी और जाकर रानी कैकेयी को मशविरा दिया कि वो राम के बदले अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांग लें और राम को 14 वर्षों के लिए वनवास भिजवा दें। कैकेयी पहले तो इसके लिए तैयार नहीं थीं मगर मंथरा की बातों में आकर सहमति दे दी। कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान प्राप्त करने थे। मंथरा के कहने पर यही दोनों बातें वरदान में मांग लीं। राजा बहुत दुखी हुए, रानी को समझाया, मिन्नतें की मगर रानी अपनी बात पर अड़ी रहीं। श्रीराम ने सुना तो पिता के वचन की लाज रखने के लिए सहर्ष वन जाने को तैयार हो गए।

## सांदीपनि विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




बुधवार को घोषित माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया। कुल 100 विद्यार्थियों में से 90 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 10 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान दिव्या धावरे ने 476 अंक, द्वितीय उदिता लोचकर ने 473 अंक, तृतीय आदित्य कुबड़े ने 464 अंक प्राप्त किए।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं में भी विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया। कुल 130 विद्यार्थियों में से 129 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परिणाम 99 प्रतिशत रहा। इनमें से 128 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसमें गणित संकाय में प्रथम ललित मीणा ने 474 अंक, कॉमर्स संकाय में द्वितीय अंजली यदुवंशी ने 476 अंक, कृषि संकाय में तृतीय नमन पंवार ने 464 प्राप्त किए। इस अवसर पर सहायक संचालक (बीईओ) साक्षी जैन ने परिणाम घोषित कर सभी विद्यार्थियों, प्राचार्य एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है, जिसका प्रमाण आज का उत्कृष्ट परिणाम है। विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने बताया कि पहली बार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के समर्पण को दिया। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी विद्यालय इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा। उन्होंने अभिभावकों के विश्वास और शासन द्वारा सौंपे गए दायित्वों पर खरा उतरने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी, अभिभावक एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति ने जारी कर रखे हैं आदेश, दुकानों पर पहुंचा राशन

# 12 लाख 89 हजार उपभोक्ताओं को मई और जून का इकट्ठा दे रहे राशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत जिले के सभी पात्र उपभोक्ताओं को इसी अप्रैल माह में मई एवं जून का भी इकट्ठा राशन देना शुरू कर दिया गया है। विभाग ने सभी राशन दुकानों पर गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि पहुंचवा भी दिए हैं। गत 13 अप्रैल से जिले के 12 लाख 89 हजार के लगभग पात्र हितग्राहियों को राशन का वितरण आरंभ करवा दिया गया है।

दरअसल, मध्यप्रदेश शासन की इच्छा है कि हेतु पूर्व से गोदामों में पड़े गेहूं को खाली करवा दिया जाए ताकि इस नए सीजन के गेहूं के भंडारण में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। इसके साथ ही पात्र उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## इकट्ठा राशन देने का यह है कारण


दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू हो चुका है। चूंकि, पहले से ही सभी सरकारी और निजी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

### दुकान संचालक स्वयं लगा रहे पात्रों को फोन

जारी आदेश के तहत मार्च एवं अप्रेल माह का एकमुश्त राशन सभी उपभोक्ताओं को दिया जा चुका है। अब 13 अप्रेल से मई एवं जून 2026 वाला राशन भी एडवांस में देना शुरू कर दिया गया है। दुकान संचालकों द्वारा भी उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित समय सीमा में दुकानों पर पहुंचकर अपन गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि प्राप्त लें।

### सभी सेल्समेन को दे दिए गए हैं आदेश

उक्त संबंध में खाद्य विभाग ने जिले के सभी राशन विक्रेताओं को पूर्व से आदेश दे दिए हैं। इसके साथ ही निर्देशित किया जा चुका है कि अगर किसी विक्रेता के पास स्टॉक में राशन नहीं है तो वो उसका उठाव सुनिश्चित करे ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह का कोई असमंजस न हो।



[illegible]
"घ" खण्ड, प्रथम तल, विन्ध्याचल भवन, भोपाल- मध्यप्रदेश

क्रमांक 2022 /खाद्य/2026 भोपाल, दिनांक 08/04/26

प्रति,
समस्त कलेक्टर्स,
मध्यप्रदेश।

विषय- मार्च- अप्रैल एवं मई- जून माह में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण करने बाबत्।

संदर्भ- 1. संचालनालयीन पत्र क्रमांक 1505 दिनांक 11 मार्च, 2026
2. भारत सरकार द्वारा बैठक दिनांक 07.04.2026 (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से) में दिए गए निर्देश

-----

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित संचालनालयीन पत्र द्वारा मार्च- अप्रैल एवं मई- जून माह में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण हेतु समय-सीमा निर्धारित कर समस्त जिलों को अवगत कराया गया था। भारत सरकार द्वारा NFSA अंतर्गत माह मार्च, अप्रैल, मई, जून 2026 के अग्रिम आवंटन, उठाव एवं वितरण के संबंध में ली गयी बैठक दिनांक 07.04.2026 (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से) में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में प्रदेश में मार्च, अप्रैल, मई, जून 2026 के अग्रिम आवंटन, उठाव एवं वितरण की संशोधित समय-सीमा निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :-

| क्र. | माह का नाम | उठाव की समय-सीमा | वितरण की समय-सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | मार्च | 09 अप्रैल, 2026 तक | 9 अप्रैल 2026 तक |
| 2 | अप्रैल 2026 | | 12 अप्रैल 2026 तक |
| 3 | मई एवं जून 2026 | 02 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक | 13 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक |

उपरोक्त संशोधित समय-सीमा का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित करते हुए राशन सामग्री का उठाव एवं NFSA अंतर्गत पात्र परिवारों को वितरण करवाने का कष्ट करें। आवंटन, उठाव एवं वितरण के संबंध में संचालनालयीन संदर्भित पत्र क्र. 1505 दिनांक 11 मार्च, 2026 के शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

(कर्मवीर शर्मा)
आयुक्त,
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण,
मध्यप्रदेश

### फैक्ट फाइल

- विभाग: खाद्य विभाग, राजगढ़
- जिले में कुल कार्ड: 295971
- कुल सदस्य: 1289817
- लाभ: मई और जून का राशन अप्रैल माह में।

### इनका कहना है...

शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत मई एवं जून का राशन भी पात्र उपभोक्ताओं को देना आरंभ करवा दिया गया है। सभी राशन दुकान संचालकों ने उठाव भी कर लिया है।

अजीत कुमारी केसरी, डीएसओ, खाद्य विभाग, राजगढ़

## दो कार की आमने-सामने भिड़ंत, पांच गंभीर घायल



जीरापुर। छापीहेड़ा-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग झाड़मऊ जोड़ के पास दो कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में छह व्यक्ति घायल हो गए। यह हादसा तेज रफ्तार के कारण हुई, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में 5 लोग गंभीर घायल हो गए, वहीं एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस एवं लोगों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार दौरान बाहर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार एक शादी समारोह से वापस अपने गांव रसूलपुरा (खुजनेर) की ओर जा रही अल्टो कार एवं सामने से आ रही कार की झाड़मऊ जोड़ के पास आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोग गंभीर घायल हो गए, एक व्यक्ति को मामूली चोटे आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान बाहर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है दुर्गेश दामड़िया और अनिल दामड़िया निवासी सोयतकलां एक कार में सवार थे दोनों गंभीर घायल हो गए हैं। वहीं दूसरी कार में पवन पालीवाल 40 वर्ष निवासी रसूलपुरा, ललिताबाई 60 साल निवासी रसूलपुरा, बाबूलाल 60 साल निवासी रसूलपुरा, गोकुल निवासी धुंआखेड़ी बमोरी सवार थे इनमें से तीन लोग गंभीर घायल हो गए।

### सोमवार रात्रि गोली मारकर की थी हत्या

# रामबाबू के हत्यारे दोनों भाईयों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**पुराने परिवारिक विवाद में की हत्या**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कोतवाली थानांतर्गत भगवतीपुर गांव में सोमवार देर रात्रि रामबाबू पिता भारत सिंह गुर्जर (28 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुराने परिवारिक विवाद में हुई इस हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के ताऊ के लड़के विशाल पिता करणसिंह गुर्जर एवं होकम पिता प्यारजी गुर्जर पर बीएनएस 103 एवं 25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

वारदात के बाद से ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस द्वारा सरगर्मी से आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से गांव में भारी पुलिसबल भी तैनात है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार आरोपी शुरू से झगड़ालू प्रवत्ति के हैं और काफी समय से वारदात को अंजाम देने के प्रयास में थे। गोली चलाने के बाद आरोपियों ने मृतक रामबाबू का चेहरा पत्थरों से भी कुचल दिया था।

### पोस्टमार्टम रूम के बाहर लगी भारी भीड़

मंगलवार सुबह जिला अस्पताल के शवगृह में मृतक रामबाबू गुर्जर का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे। पुलिस की मौजूदगी में रामबाबू का शव गांव पहुंचाया गया जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों और मृतक के परिवार के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद ने सोमवार रात्रि बड़ा रूप ले लिया और विशाल गुर्जर और होकम ने मिलकर रामबाबू की हत्या कर दी।

### निरस्त होंगे सशस्त्र लायसेंस

हत्या की इस वारदात के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों एवं परिवार के पास मौजूद शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया कर रही है। आरोपियों सहित अन्य संबंधितों एवं ग्रामीणों के लायसेंस भी निरस्त किए जा सकते हैं।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई, जनप्रतिनिधियों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सुबह 9 बजे वार्ड क्रमांक 03 स्थित आंबेडकर पार्क पर प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, बृजकिशोर मीणा, रवि पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता और न्याय का अधिकार दिलाया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर कैलाश पंडाजी, मुरारी मीणा, दिलीप बना, आत्माराम पटेल, हृदेश चन्द्रवंशी, मनोहर प्रजापति, अनोखीलाल कोटिया, लखन राजपूत, बद्रीलाल कुशवाह, हेमराज मीणा आदि मौजूद रहे।



### बाबा साहेब को किया नमन, अर्पित किए श्रद्धा सुमन

नरसिंहगढ़। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को नगर में श्रद्धा और सम्मान का वातावरण देखने को मिला। नेहरू पार्क स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी सहित अन्य दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंचे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को याद किया और सामाजिक समरसता व समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने जय भीम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है, जिससे आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराते हुए शिक्षा, समानता और संविधान के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।



# सेन महाराज की जयंती पर निकाला चल समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

संत शिरोमणि सेन महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व सेन समाज नगर खुजनेर एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति द्वारा मंगलवार को चल समारोह निकाला गया। चल समारोह की शुरुआत मांगलिक भवन से पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद चल समारोह नगर के प्रमुख मार्ग राजगढ़ चौराहा, शिवाजी बाजार, मजीद चौक और हाट बाजार से होती हुई पुनः मांगलिक भवन पहुंचा। इस दौरान रास्तेभर समाजजनों और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। समारोह में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर आगे बढ़ते रहे। नगर में कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए, जहां समाजबंधुओं का स्वागत किया गया।

# चिड़ीखो वन में भीषण आग, छोटे महादेव मंदिर तक पहुंची लपटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



नगर के समीप स्थित चिड़ीखो वन क्षेत्र में मंगलवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग छोटे महादेव बीट के विभिन्न हिस्सों में एक साथ भड़क उठी और तेज हवाओं के चलते तेजी से फैलते हुए छोटे महादेव मंदिर के समीप तक पहुंच गई। अचानक भड़की इस आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोपहर में धुँआली तालाब के ऊपरी हिस्से से उठता घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। हाईवे क्रमांक-46 से गुजर रहे राहगीरों ने इस भयावह दृश्य को अपने मोबाइल में कैद किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग कई स्थानों पर एक साथ फैली हुई दिखाई दी।

सूचना मिलते ही वन समिति एवं अभ्यारण्य (सेंचुरी) का अमला मौके पर पहुंच गया और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। वनकर्मियों द्वारा सीमित संसाधनों के बीच लगातार मशक्कत की जा रही है, लेकिन देर शाम तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। आग पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि सूखी घास और तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

# आंबेडकर जयंती पर जमात मंदिर घाट की हुई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद नगर समिति बाराद्वारी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत परशुराम सागर स्थित जमात मंदिर घाट पर विशेष साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान घाट क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाया गया तथा वहां उग रहे खरपतवार की सफाई कर परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से घाट पर गंदगी न फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विनोद नामदेव, सचिव सुनील साहू, मंदिर जमात के महंत दीपेन्द्र दास, वार्ड 14 के पार्षद कमल चौरसिया, गौशाला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव (बब्बू), हेमंत पुष्पद, भैयालाल, राम गुप्ता, प्रमोद साहू, जी.एस. पांडेय एवं भगवान सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्राम लोधीपुरा में मनाई गई बाबा साहब की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती ग्राम लोधीपुरा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। गादिया ब्लॉक मंडलम अध्यक्ष विजय सिंह लववंशी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद उपस्थितजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है।

### नगर परिषद में संविधान निर्माता की जयंती मनाई

जीरापुर। स्थानीय नगर परिषद सभागार में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। जहां विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि बाबा साहब की ऐसे महान पुरुष है जिनकी जयंती मनाकर सभी धन्य होते हैं। संविधान का निर्माण नहीं होता तो देश कैसे चलता बाबा साहब ने देश को दिशा दी उनके द्वारा सही रूप में संविधान लागू किया, जिससे देश की कानुन व्यवस्था से लेकर आज देश का विकास संभव हुआ। इस मौके पर भाजपा जनप्रतिनिधि सहित डा. रामचरण किरार, महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, पूर्व बीईओ गोवर्धन सिंह वर्मा, जगदीश वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, कमल झावा, दीपक नगर परिषद सीएमओ हरीओम शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन नपा कर्मचारी कमल भावसार तथा आभार नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने माना।



# संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर सेन समाज द्वारा चल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बटकेश्वर मंदिर पर पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई, जिसके बाद समाजजनों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ चल समारोह निकाला। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसमें महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुजन हाथों में ध्वज एवं बैनर लेकर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ रहे थे। कई स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, जुगल चौहान, सुदर्शन चौहान, रवि सेन सहित समाज के वरिष्ठजनों ने सेन महाराज के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

### मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम

# भाजपाईयों ने हाथ में झाड़ू उठाकर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंगल भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हाथ में झाड़ू उठाकर प्रतिमा स्थल के आसपास काफी समय तक साफ-सफाई करते हुए बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस पूरे आयोजन में मंडल अध्यक्ष मौर्य की सक्रिय भूमिका देखने को मिली। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ सफाई अभियान को सफल बनाया, बल्कि पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का माहौल भी कायम रखा। सचिन मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और अधिकारों की प्रेरणा का प्रतीक है, और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में न्याय और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी सहित अनेक प्रमुख लोग इस अवसर पर मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

### घर-घर पहुंच रहे बच्चे, कुप्रथा के उन्मूलन का संदेश

# बाल विवाह के खिलाफ मैदान में उतरे बच्चे, किशोर और युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ अब एक सकारात्मक और सशक्त माहौल बनता दिखाई दे रहा है। खास बात यह है कि इस बदलाव की अगुवाई अब स्वयं बच्चे, किशोर और युवा कर रहे हैं। वे न केवल जागरूक हो रहे हैं, बल्कि अपने गांवों में छोटी-छोटी बैठकों के माध्यम से समाज को भी जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

गांव-गांव में आयोजित इन बैठकों में बाल विवाह के दुष्परिणामों पर खुलकर चर्चा की जा रही है। बच्चों और युवाओं को बताया जा रहा है कि कम उम्र में विवाह से शिक्षा बाधित होती है, स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है और जीवन की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। इन चर्चाओं का असर यह हो रहा है कि अब किशोर और युवा इस कुप्रथा के खिलाफ खुलकर सामने आ रहे हैं और इसके विरोध में एकजुट हो रहे हैं।



अहिंसा के पीस वॉलिंटियर्स इस मुहिम को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। करीब 40 गांवों में सक्रिय ये वॉलिंटियर्स लगातार नजर बनाए हुए हैं और नियमित रूप से गांवों में बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। इन बैठकों में बच्चों और किशोरों के साथ संवाद स्थापित किया जाता है, जिससे वे अपने अधिकारों को समझ सकें और गलत परंपराओं के खिलाफ आवाज उठाने का साहस जुटा सकें।

### बाल-विवाह की सूचना मिले तो सांझा करें

वॉलिंटियर्स द्वारा बच्चों और ग्रामीणों को यह भी स्पष्ट रूप से समझाया जा रहा है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो उसे तुरंत साझा करें, ताकि समय रहते उसे रोका जा सके। इस सतर्कता और सहभागिता का असर अब धीरे-धीरे सामने आने लगा है। कई स्थानों पर बाल विवाह की सूचनाएं समय पर मिलने से उन्हें रोका जा सका है, जो इस अभियान की सफलता का प्रमाण है। अहिंसा टीम का मानना है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास ही सबसे प्रभावी रास्ता है। उन्होंने बताया कि अब बच्चे और युवा स्वयं आगे आकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, जो एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। टीम का कहना है कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग- चाहे वह परिवार हो, समुदाय हो या युवा पीढ़ी- एकजुट होकर जिम्मेदारी निभाएगा, तभी बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से खत्म किया जा सकेगा।

खबर संक्षेप



## डॉ अंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण

नलखेड़ा। ग्राम पंचायत हिरण खेड़ी के अंतर्गत ग्राम खेड़ा में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हिरण खेड़ी के सरपंच पवन पाटीदार, सचिव नाथूलाल जैन, सहसचिव प्रेम नारायण पाटीदार, समाजसेवी महेश पाटीदार, उपसरपंच प्रतिनिधि रामपाल भालोट तथा ग्राम खेड़ा के वरिष्ठ नागरिक प्रभुलाल देवड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतिमा अनावरण के बाद ग्रामीण जनों द्वारा गांव में उत्साहपूर्वक जलूस निकाला गया, जिसमें युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बाबा साहेब के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। इसके बाद सामूहिक सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामवासियों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, भाईचारे एवं एकजुटता का प्रतीक बना। कार्यक्रम में नाथूलाल जैन सचिव, महेश पाटीदार आदि वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन एवं उनके संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा, समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरुक रहने का संदेश दिया। सरपंच पाटीदार ने अपने संबोधन में समाज को एकजुट रहने एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

### जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# पार्वती नदी तट का कायाकल्प: राजस्थानी लाल पत्थरों से संवारा जा रहा मुख्य घाट

नपाध्यक्ष मेवाड़ा ने निर्माणकर्ता एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री और नक्काशीदार पत्थरों की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होनी चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली मां पार्वती नदी के तट को अब एक नई और भव्य पहचान मिलने जा रही है। नगरपालिका द्वारा नदी तट के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा एवं प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने पृथक-पृथक नपा अधिकारी एवं पार्षदों की उपस्थिति में किया। नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में कमी पाए जाने पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति को दूरभाष पर अवगत कराते हुए मौके पर आकर कार्य को देखने के निर्देश दिए गए थे, इसके तारतम्य में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा सीएमओ श्री प्रजापति की मौजूदगी में आज मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। तथा निर्माण कार्य में कमी पाए जाने पर संबंधित निर्माणकर्ता को निर्देशित कर कमी को दूर किया।



### प्रमुख विशेषताएं और निर्माण कार्य

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि इस परियोजना के तहत घाट को आकर्षक और धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। राजस्थानी लाल पत्थर पूरे तट और द्वार के निर्माण में विशेष नक्काशीदार लाल पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है, जो इसे राजस्थान के महलों जैसा भव्य स्वरूप प्रदान करेंगे। आकर्षक मुख्य द्वार नदी तट पर छोटे-छोटे और कलात्मक प्रवेश द्वार बनाए जा रहे है। सुंदरता एवं सुरक्षा की दृष्टि से नदी तट पर नक्काशीदार बाउंड्री का निर्माण भी शामिल है।

### नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हाल ही में नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने निर्माण स्थल का दौरा कर चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा ने निर्माणकर्ता एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री और नक्काशीदार पत्थरों की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होनी चाहिए। सौंदर्यीकरण का कार्य निर्धारित समय के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि नगरवासी जल्द ही इस भव्य घाट का लाभ उठा सकें। वहीं घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि नगर की पहचान मां पार्वती नदी से है। इसके तट का सौंदर्यीकरण न केवल शहर की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि यह हमारी आस्था के केंद्र को एक नया स्वरूप भी देगा। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, पार्षदगण तारा कटारिया, रवि शर्मा, कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, अरशद अली, जितेन्द्र बुदासा आदि मौजूद थे।

# डॉक्टरों ने दुर्लभ ऑपरेशन कर बचाई मरीज की जान

### सफलतापूर्वक निकाली 3 किलो की गठान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के एक निजी हॉस्पिटल में एक दुर्लभ और जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। यहां एक महिला मरीज के स्तन से करीब 3 किलोग्राम वज़न की बड़ी गठान निकालकर डॉक्टरों की टीम ने चिकित्सा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल संचालक एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश इन्दोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह फायलॉइड ट्यूमर अत्यंत दुर्लभ प्रकार की गठान होती है, जो बहुत कम मरीजों में पाई जाती है। इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन सामान्यतः ऑन्कोलॉजिस्ट (कैंसर रोग विशेषज्ञ) द्वारा ही किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज अब पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं स्वस्थ है। इस जटिल सर्जरी को सफल बनाने में भोपाल के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. एस. गौतम, जनरल सर्जन डॉ. भूपेंद्र परमार, गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. सीमा इन्दोरिया तथा निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. अनुज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा असिस्टेंट टीम में अमित मंकोडी, विक्रम वर्मा, निशा घनघोर और मीना मालवीय सहित अन्य स्टाफ का भी सराहनीय योगदान रहा। बताया जा रहा है कि आष्टा में इस प्रकार का यह पहला सफल ऑपरेशन है, जो स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### कन्या शिक्षा परिसर में मनाई अंबेडकर जयंती

**सीहोर**। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर कन्या शिक्षा परिसर सीहोर (सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित) में साप्ताहिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों को आत्मसात किया। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 अप्रैल को अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस अवसर पर उनके सामाजिक योगदान, संघर्षों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। 9 अप्रैल को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विद्यालय एवं छात्रावास परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। समारोह में ग्राम पंचायत मोगरा( जिला सीहोर) के सरपंच सुनील मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र शर्मा, उपप्रबंधक संदीप मौर्य, प्रशासक अशोक त्रिपाठी, प्राचार्य लोकेश बहादुर सिंह सहित समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोहन पाल द्वारा किया गया।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर नवीन कृषकों को सदस्य बनाने की योजना का किया शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

मंगलवार 14 अप्रैल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोठरी मैं मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर एवं साफा बांधकर सम्मानित किया गया। नवीन कृषकों को सदस्य बनाने की योजना को का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आष्टा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय गोपाल सिंह इंजीनियर को डॉ भीमराव अंबेडकर का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

इस मौके पर नगर परिषद कोठरी अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति,कोठरी शाखा प्रबंधक हुकम सिंह राजपूत, कोठरी नगर पालिका अधिकारी नरेंद्र कुमार जाटव ,पार्षद मदन बाबा ,जगदीश मैचन,दिनेश चौधरी धरम पोरवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष कैलाश पटेल निपानिया, अमर सिंह अध्यक्ष, राम सिंह पटेल ,धर्म सिंह शक्ति, मोहन उपसरपंच, देवकरण दुबे एवं अन्य जनप्रतिनिधि कृषक बंधु एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर ग्राम खाचरोद में सामाजिक एकता वह उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम खाचरोद में स्थित हाट बाजार में सर्व समाज के जन सहयोग व ग्राम पंचायत खाचरोद के सरपंच शंकर पटेल जाट के अथक प्रयास से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की नवीन प्रतिमा लगाई गई। जिसकी भव्य शोभायात्रा बैंड बाजो के साथ निकाली गई जो ग्राम के मुख्य मार्गो से होती हुई हाट बाजार पहुंची। जहां पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा बाबा साहब की नवीन मूर्ति का अनावरण कर पुष्पमाला चढ़ाई गई। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को संविधान देने वाले संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जो किसी एक के नहीं सर्वहारा वर्ग के हैं। जब उन्होंने संविधान का निर्माण किया तो उन्होंने किसी एक के लिए नहीं सभी के लिए समान रूप से सभी के लिए सोच विचार किया और संविधान लिखा। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, बजरंग दल अध्यक्ष रेवा शंकर जाट, सोहनलाल सोनी, सावत सिंह पेरवाल, मदन सिंह जाटव, बाबूलाल पेरवाल, शंकर पेरवाल, रतन सिंह मालवीय, हेमराज मालवीय, गोपीलाल मालवीय, मांगीलाल पेरवाल, विक्रम कलेसरिया, राहुल कलेसरिया सहित सभी ग्राम वासियों द्वारा बाबा साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत खाचरोद के सरपंच शंकर पटेल जाट, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सूरज जाट के अथक प्रयास वह जनसंहयोग से बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# नए व पुराने पुलों के बीच जलकुंभी हटाकर नया जलाशय बना रहे सीवन पुत्र और सीवन योद्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बुधवार को फिर से सीवन पुत्र और सीवन योद्धा की टीम उतर गई फिर से सीवन की गोद में,सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ जलकुंभी हटाओ सीवन से अभियान का 13वां दिवस था,सुबह सबसे पहले सीवन पुत्र राजकुमार सोनी भूरा भैया ने सीवन योद्धाओं को मार्गदर्शन दिया इसके बाद निर्णय हुआ कि दोनों पुलों के बीच में से जलकुंभी हटाई जाए क्योंकि इस तरफ जलकुंभी नहीं है। सीवन योद्धाओं ने काम प्रारंभ हुआ कुछ ही घंटे बाद जलाशय का रूप दिखने लगा। इसी बीच सीवन पुत्र प्रकाश यादव,कैलाश चव्हाण,मुकेश राय,सुरेश भगत,वैभव राठौर, प्रदीप चावड़ा,जगदीश वर्मा,अशोक खत्री भी अपना योगदान देने लगे। शाम 5 बजे मजदूरों को सम्मान रखा गया ,आज मुख्य अतिथि के रूप में एल आई सी के सी एम क्लब मेंबर सतीश कुमार सीठा ने सभी का सीवन योद्धाओं का सम्मान किया। ,सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि विकास खंड शिक्षा के रिटायर्ड लखन लाल सेन,एम पी इ बी के गोस्वामी ने भी सीवन योद्धाओं का सम्मान किया। अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सिद्धिगंज की बालिका ने प्रदेश में नवां और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



पीएम श्री हाई सेकेंडरी स्कूल सिद्धि गंज की छात्रा कुमारी हर्षिता जैन ने कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षा में 481 /500 अंक व 96.2% अंक प्राप्त कर मध्य प्रदेश में नवां स्थान एवं जिले में प्रथम स्थान हासिल कर गांव का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छात्रा हर्षिता जैन और उनके पिता सुरेंद्र जैन का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य गौरीशंकर वर्मा, इलियास खान, गजराज सिंह राठौर, कमल किशोर वर्मा, हरि सेनानी, दीपक ठाकुर, संजू गावड़, विनीत सिंह, शिक्षिका पवित्र ठाकुर, सुनीता मालवीय, पत्रकार दिनेश कुमार पटवा, संतोष करोरीया, माखन चौहान सहित ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर छात्रा का उत्साहवर्धन किया। गौरतलब है कि सिद्धिगंज हायर सेकेंडरी स्कूल से लगभग 4 किलोमीटर दूर ग्राम जसमत से आने वाली हर्षिता जैन ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। वह कभी बस तो कभी पैदल स्कूल पहुंचकर नियमित रूप से पढ़ाई करती थीं। हर्षिता ने बताया कि वह रोजाना सुबह और शाम करीब 3-3 घंटे पढ़ाई करती थीं।हर्षिता के पिता एक कृषि मजदूर हैं और माता एक साधारण गृहिणी हैं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हर्षिता ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। किस्मत को तेरी खासकर के लिए बना दूं"इस पंक्ति को सच कर दिखाते हुए हर्षिता जैन ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे गांव को गौरवान्वित किया।

### राज्य कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्षों का किया स्वागत

**नलखेड़ा**। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के आगर जिला अध्यक्ष पद पर अनिल सोनी तथा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर ललित नागर के मनोनयन के बाद दोनों नवनिर्वाचित अध्यक्षों का भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सकलेचा, सचिव दिलीप खंडेलवाल, योगेंद्र मकवाना, भाजपा ब्लॉक महामंत्री शिवम नागर ने स्वागत किया गया

# जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन, समाजजन रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

परमात्मा का शासन बड़े ही पुण्य के उदय से हमें प्राप्त हुआ है। परिवार जनों से मिलने पर जितनी खुशी हमें होती है, उसी तरह हम परमात्मा से मिलने उनके दर्शन को मंदिर जाते हैं तब हमारे मन में भी ऐसे ही खुशी के भाव होना चाहिए। पुरुषार्थ ही सिद्धि का सौपान है।

जैन आराधना भवन में सोमवार को प्रवचन के दौरान रत्ननिधि म.सा. ने उपस्थित समाज जनों के समक्ष यहा बात कही। साध्वी ने कहा कि परमात्मा संसार के समस्त जीवों को एक दृष्टि से देखते हैं। सभी प्राणियों को भवसागर से पार लगा दूं यही भावना उनकी रहती है। संसार के समस्त जीवों के प्रति जिनकी समान दृष्टि नहीं होती है वह आत्मा कभी तीर्थंकर गोत्र नाम कर्म का बंध नहीं करती है।

उन्होंने कहा कि जब तक स्व अध्याय नहीं होगा हम परमात्मा के शासन के सारभूत तत्वों को समझ नहीं पाएंगे उन तत्वों को समझने के लिए हमें तत्वों की गहराई में जाना होगा। इसके लिए स्वाध्याय एवं ध्यान का आलंबन लेना होगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म प्राप्त होना इतना दुर्लभ नहीं है, जितना परमात्मा का शासन हमें मिलना। बड़े पुण्य के उदय से हमें वीतराग परमात्मा का शासन प्राप्त हुआ है। परिवार जनों से मिलने पर हमें जितनी खुशी होती है वही खुशी हम जब परमात्मा के दर्शन करने को मंदिर



में जाएं तो हमारे मन में होना चाहिए। उन्होंने कहाकि मंदिर में चैत्य वंदन के माध्यम से हम परमात्मा के समक्ष यहा भावना भाते है कि मैं और परमात्मा एक ही है। चैत्य वंदन करते समय मन वचन काया के द्वारा परमात्मा से तादाद में संबंध स्थापित होता है।

देवाधिदेव परमात्मा में भी वह ताकत है कि वहां अपने भक्तों को अपने ही समान बना सकता है। इसके लिए हमारे मन में भी प्रभु के प्रति पूर्ण श्रद्धा, भक्ति, आस्था, समर्पण होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ध्यान किए बिना मन एकाग्र नहीं हो सकता है तथा मन की एकाग्रता के बिना परमात्मा से संबंध नहीं जुड़ सकता है। मन की एकाग्रता के साथ संकल्प का बल नहीं होगा तो हमें किसी भी चीज की प्राप्ति नहीं हो सकती है। संकल्प की शक्ति सबसे ताकतवर होती है। पुरुषार्थ सिद्धि की पहली पायदान है, पुरुषार्थ से ही सिद्धि प्राप्त होती है। आत्मा से परमात्म पद की प्राप्ति करना है तो जिनवाणी, जिनआगम के प्रति पूर्ण श्रद्धा व आस्था होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की इच्छा पूर्ण न होने पर उसके मन में उदासी व बेचैनी रहती है। वही इच्छा पूर्ण होने पर उसके चेहरे पर खुशी झलकती है। धर्म हमारी नींव है, बिना धर्म के जीवन में पुण्य का संचय नहीं हो सकता। जीवन में पापों का जो अतिक्रमण है उसे हटाने के लिए प्रतिक्रमण आवश्यक है। पापों की आलोचना के लिए प्रतिक्रमण औषधि का कार्य करती है।